# 30 पेपर प्रस्तुत हुए, 6 को मिला बेस्ट पेपर अवॉर्ड



रांची | एक्सआईएसएस में आयोजित दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और मैनेजमेंट कांफ्रेंस का समापन हुआ। इसमें डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देशभर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर, डीन एकेडमिक्स डॉ. अमर ई तिग्गा, कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष डॉ. भास्कर भोवानी और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख डॉ. भबानी महापात्रा उपस्थित रहे। दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर शिवेश सिन्हा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के बोर में जानकारी साझा की।

**PRESS : DAINIK BHASKAR**

There should a balance between action and thoughts.@divyamittal_IAS

# 2027 तक भारतीय डेटा एनालिटिक्स का विस्तार

## एक्सआईएसएस में इंटरनेशनल डेटा एनालिटिक्स पर कांफ्रेंस शुरू

ranchi@inext.co.in

**RANCHI (16 March) :** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस की शुरुआत हुई. कार्यक्रम का आयोजन एक्सआईएसएस के फादर माइकल वान डेन बोगार्ट एसजे मेमोरियल आडिटोरियम में किया गया. सम्मेलन के पहले दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए.

कांफ्रेंस के संरक्षक संस्थान के निदेशक डा जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने इंडस्ट्री के परिदृश्य में डेटा एनालिटिक्स के महत्व के बारे में बात की और कहा किउद्योग क्षेत्रों ने इसकी महत्वपूर्ण मांग को उजागर किया है और यह विषय आज के समय में संस्थान के मिशन और के साथ कैसे संरेखित होता है, इसपर आज विस्तार से चर्चा हुई है.



### नया कोर्स शामिल होगा

उन्होंने कहा डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्र की इन्ही महत्वपूर्ण जरूरतों को देखते हुए संस्थान जल्द ही वर्किंग प्रोफेशनल्स और छात्रों के हित में एक नया कोर्स शामिल करने जा रहा है. कांफ्रेंस अध्यक्ष और डीन एकेडमिक्स डॉ अमर एरोन तिग्गा ने समकालीन डिजिटल परिदृश्य में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया. कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष और मार्केटिंग प्रोग्राम के प्रमुख डा बीपी महापात्रा ने डेटा एनालिटिक्स के महत्व को रेखांकित किया.

### डेटा से समझें बिहेव

सम्मेलन की पहली मुख्य वक्ता अमेरिका से मार्केट रिसर्च और एनालिटिक्स कंसलटेंट, प्रोफेसर मेयके आइलर्ट ने डेटा एनालिटिक्स की प्रासंगिक भूमिका को समझने और ग्राहक व्यवहार को समझकर वास्तविक समय में सेवाएं प्रदान करने के महत्व को प्रमुखता दी. बताया कि कैसे एनालिटिक्स ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने के लिए मौलिक पहलू है. उन्होंने डेटा एनालिटिक्स क्षेत्र में कई चुनौतियों पर भी अपने विचार रखे और इस क्षेत्र में मौजूदा अवसरों के बारे में जानकारी साझा की. केपीएमजी इंडिया के निदेशक, चंदन सिंह कार्यक्रम में आनलाइन उपस्थित रहे. कांफ्रेंस में उन्होंने वैश्विक बाजारों मे डेटा एनालिटिक्स के भविष्य पर प्रकाश डाला. बताया कि 2027 तक भारतीय डेटा एनालिटिक्स और एआई मार्केट में विस्तार होगा, जो निकट भविष्य में नौकरी की मांग में बढ़ोतरी को प्राथमिकता देगा. केपीएमजी इंडिया के डेटा वैज्ञानिक सुभोदीप बिस्वास ने भी विभिन्न डेटा विश्लेषण तकनीकों पर अपनी विशेषज्ञता और उनके निर्णय लेने में उनके महत्व को सभी के साथ साझा किया.

### 10 पेपर प्रेजेंट किए

कांफ्रेंस के पहले दिन पर 10 पेपर प्रेजेंट किए गए. पहले सत्र की थीम मार्केटिंग और फाइनेंस एनालिटिक्स थी जिसकी अध्यक्ष आईआईएम रांची की डा श्वेता झा और माडरेटर एक्सआईएसएस के डा फेड्रिक कुजुर रहे. दूसरा सत्र एचआर और ओबी एनालिटिक्स पर हुई जिसके अध्यक्ष सेल के मैनेजमेंट कंसलटेंट, पूर्व जीएम (एचआरडी), एमआईटी के डॉ हरी हरन थे और जिसे मॉडरेट एक्सआईएसएस की डॉ पूजा ने किया था. वहीं कांफ्रेस के प्रथम दिन का अंतिम सत्र ऑपरेशन और आईटी एनालिटिक्स पर था जिसकी अध्यक्षता एनआईटी जमशेदपुर की डॉ कनिका प्रसाद ने की और इस सत्र को माडरेट एक्सआईएसएस के डॉ ऋषि द्विवेदी ने किया.

**PRESS : DAINIK JAGRAN**

# दो-दिवसीय एनालिटिक्स व प्रबंधन संगोष्ठी का समापन

रांची, प्रमुख संवाददाता। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) में आयोजित दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय डाटा एनालिटिक्स और प्रबंधन संगोष्ठी का समापन शनिवार को हुआ। दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्र के उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर शिवेश सिन्हा ने डाटा विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर अंतर्दृष्टि साझा की। टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय परिवर्तन और डिजिटल समाधान अधिकारी सरजीत झा ने तकनीकी परिवर्तन के वर्तमान युग में करियर के लिए मानसिक मॉडल पर संबोधित किया। मौके पर पब्लिक डाटा एनालिटिक्स पर पत्र प्रस्तुति सत्र आयोजित की गई।

इस सत्र के तकनीकी विशेषज्ञ यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी रहे। सत्र की अध्यक्षता झारखंड सरकार के राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल ने की।

संचालन डॉ अमित गिरी ने किया। सत्र में 6 शोध पत्रों को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया। एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा ने डाटा साइंस के महत्व और निकट भविष्य में बिजनेस का ट्रेंड और पैटर्न क्या होगा, इस पर बात की।

**PRESS : HINDUSTAN**

# डाटा साइंस और एआइ पर मंथन



- एक्सआइएसएस रांची में इंटरनेशनल डाटा एनालिटिक्स एंड मैनेजमेंट कांफ्रेंस

**लाइफ रिपोर्टर @ रांची**

एक्सआइएसएस रांची में आयोजित इंटरनेशनल डाटा एनालिटिक्स एंड मैनेजमेंट कांफ्रेंस शनिवार को भी हुआ. पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डाटा साइंस मैनेजर शिवेश सिन्हा ने डाटा साइंस, एआइ और मशीन लर्निंग पर विचार साझा किये. विद्यार्थियों को डाटा एनालिटिक्स सेक्टर को बतौर पेशा चुनने के लिए प्रेरित किया. साथ ही इस क्षेत्र के लिए जरूरी स्किल जैसे सांख्यिकी, व्यावसायिक नींव और परिणामों की व्याख्या करने की समझ को विकसित करने के सुझाव दिये. वहीं, टाटा स्टील के चीफ बिजनेस ट्रांसफॉरमेशन एंड डिजिटल सॉल्यूशन सरजीत झा ने तेजी से बदलते तकनीकी युग में करियर की संभावनाओं पर चर्चा की. विद्यार्थियों को सफल बनने के लिए फाइव सी : जिज्ञासा (क्यूरियोसिटी), डाटा को जोड़ने की समझ, क्यूरेटिंग (डाटा की सफाई और डुप्लिकेशन), क्रंचिंग डाटा और दीर्घ दृष्टता को आत्मसात करने पर जोर दिया.

दूसरे सत्र में यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी, राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल शामिल हुए. दो दिवसीय कांफ्रेंस में शोधकर्ताओं ने 30 पेपर साझा किये. छह पेपर को बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड के लिए चुना गया. कांफ्रेंस में डॉ भास्कर भवानी, एक्सआइएसएस रांची के निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर एरॉन तिग्गा, डॉ भवानी महापात्रा आदि मौजूद थे.

**इन्हें मिला बेस्ट पेपर का अवार्ड**

डॉ अराना कौसर, डॉ पूजा, सतद्युति चक्रवर्ती, दीपा मित्रा, अशेष मिंज, मिलन साईं, ऋषि द्विवेदी, भास्कर भवानी, सोमरूप नागा, पवन कुमार तिवारी, आसिफ सैय्यद और सृजन घोष को सम्मानित किया गया.

**PRESS : PRABHAT KHABAR**

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : एक्सआईएसएस में दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन, विभिन्न ट्रैक में कुल 6 विजेताओं को मिला बेस्ट पेपर अवार्ड सर्टिफिकेट जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ। कांफ्रेंस के दूसरे दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए। कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष सह फाइनेंशियल मैनेजमेंट के कार्यक्रम प्रमुख, डॉ भास्कर भोवानी ने सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत प्रथम दिन के संक्षिप्त रिपोर्ट को निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर ई तिग्गा और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख, डॉ भबानी महापात्रा की उपस्थिति में प्रस्तुत किया। दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर, श्री शिवेश सिन्हा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर अंतर्दृष्टि साझा की।

**PRESS : FREEDOM FIGHTER**

# एक्सआईएसएस में दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन

**पंच संवाददाता**

**रांची।** जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ। कांफ्रेंस के दूसरे दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए। कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष सह फाइनेंशियल मैनेजमेंट के कार्यक्रम प्रमुख, डॉ भास्कर भोवानी ने सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरूआत प्रथम दिन के संक्षिप्त रिपोर्ट को निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर ई तिग्गा और मार्केटिंग




मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख, डॉ भबानी महापात्रा की उपस्थिति में प्रस्तुत किया। दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर, श्री शिवेश सिन्हा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने स्टूडेंट्स को सांख्यिकी, व्यावसायिक नींव और परिणामों की व्याख्या करने जैसे कौशलों पर ध्यान देने के लिए सलाह दी, क्योंकि ये विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नींव बनाते हैं। टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय परिवर्तन और डिजिटल समाधान अधिकारी, सरजीत झा ने अपने संबोधन में तेजी से तकनीकी परिवर्तन के वर्तमान युग में करियर के लिए मानसिक मॉडल पर दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने जिज्ञासा, डेटा का गठबंधन, क्यूरेटिंग (डेटा की सफाई और डुप्लिकेशन), क्रंचिंग डेटा और दृश्य विशेषता पर विस्तार से चर्चा किया।

**PRESS : PUNCH**

# अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स में छह विजेताओं को मिला बेस्ट पेपर अवार्ड सर्टिफिकेट

वरीय संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ। कांफ्रेंस के दूसरे दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए। कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष सह फाइनेंशियल मैनेजमेंट के कार्यक्रम प्रमुख, डॉ भास्कर भवानी ने सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत प्रथम दिन के संक्षिप्त रिपोर्ट को निदेशक, डॉ जोसफ मरियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर ई तिग्गा और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख, डॉ भवानी महापात्रा की उपस्थिति में प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर, श्री शिवेश मिश्रा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने स्टूडेंट्स को सशक्त, व्यावसायिक नीव और परिणामों की व्याख्या करने जैसे कौशलों पर ध्यान देने के लिए सलाह दी, क्योंकि ये विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नींव बनाते हैं।

टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय परिवर्तन और डिजिटल समाधान अधिकारी, श्री सरजीत झा ने अपने संबोधन में तेजी से तकनीकी परिवर्तन के वर्तमान युग में करियर के लिए मानसिक मॉडल पर दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने जिज्ञासा, डेटा का गठबंधन, क्यूरेटिंग (डेटा की सफाई और डुप्लिकेशन), ऑर्फन डेटा और दूसरा विशेषता पर विस्तार से चर्चा किया।

कार्यक्रम में आगे पब्लिक डेटा एनालिटिक्स पर पेपर प्रस्तुति सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के तकनीकी विशेषज्ञ यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ अभिजात नाथ त्रिपाठी रहे। सत्र की अध्यक्षता झारखंड सरकार के राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल ने किया। वहीं सत्र का संचालन एक्सआईएसएस से डॉ अमित गिरी ने किया। सत्र में विभिन्न प्रस्तुतिकर्ताओं ने कुल छह पेपर प्रस्तुत किए।



**6 पेपरों को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया** - दो दिवसीय कांफ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जहां विभिन्न ट्रैक के पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया।

**पहला ट्रैक** - मार्केटिंग और फाइनेंस एनालिटिक्स पर आधारित था - जिसमें सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार का प्रमाण-पत्र, डॉ अपर्णा कौसर और डॉ पूजा को 'जेन जी के बीच वित्तीय साक्षरता पर भावनात्मक बुद्धिमत्ता के प्रभाव की खोज' को मिला। मार्केटिंग में ऑनलाइन पेपर प्रस्तुति करने वाली मलदृहीत चक्रवर्ती और दीपा मित्रा को 'भारत में ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों की प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिरता: पांच प्रमुख भारतीय ऑनलाइन ट्रैवल फर्मों पर एक केस अध्ययन' को मिला।

**दूसरा ट्रैक** - एचआर और ओबी एनालिटिक्स - अशोक मित्र विजेता बने जिन्होंने 'कर्मचारी अनुभव में डेटा एनालिटिक्स की भूमिका' पर पेपर प्रस्तुत किया।

**तीसरा ट्रैक** - ऑपरेशंस रिसर्च और आईटी एनालिटिक्स - आईटी एनालिटिक्स में मिलन साई, श्री त्रिवेदी और भास्कर भवानी को 'आईओटी और एआई के माध्यम से अनुकूलित प्रबंधन-स्मार्ट डस्टबिन सिस्टम पेपर' के लिए दिया गया। वहीं ओआर के लिए सोमरूप नाग और पवन कुमार तिवारी को 'मशीन लर्निंग तकनीकों की मध्यस्थता में प्लाज्मा प्रौद्योगिकी और विद्युत क्षेत्र में जल अलवणीकरण और शुद्धिकरण' पर पेपर प्रस्तुत करने के लिए दिया गया।

**आखिरी ट्रैक** - पब्लिक डेटा एनालिटिक्स - इसमें असाद आलिफ सैय्यद और सृजन घोष विजेता बने जिन्होंने 'बिहार में महिलाओं के बीच प्रजनन क्षमता, शिक्षा और धर्म के बीच त्रिपक्षीय संबंध' शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया था।

एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, एसजे, ने कांफ्रेंस के समापन के दौरान डेटा एनालिटिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने बताया की कैसे बेहतर और कुशल व्यवसाय के लिए डेटा एनालिटिक्स विषय आज के संदर्भ में महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है। साथ ही उन्होंने डेटा साइंस के महत्व, डेटा एनालिटिक्स को वैज्ञानिक कैसे देखते हैं और निकट भविष्य में बिजनेस का ट्रेंड और पैटर्न क्या होगा, इस पर भी प्रकाश डाला। कांफ्रेंस में धन्यवाद ज्ञापन, डॉ प्रियंका घोष ने दिया। इस कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, पेपर प्रस्तुतकर्ताओं, एक्सआईएसएस के संकाय के साथ-साथ विपणन प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रमों के छात्रों ने भाग लिया।

## PRESS : PURVANCHAL SURYA

Neither tomorrow nor today, it's now

LENS EYE

News Portal




BREAKING NEWS LATEST NEWS कैंपस झारखण्ड

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस के समापन मे छह विजेताओं को मिला बेस्ट पेपर अवार्ड सर्टिफिकेट

March 16, 2024 Lens Eye News Comment(0)

राची, झारखण्ड | मार्च | 16, 2024 ::

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) रांची में आयोजित दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ। कांफ्रेंस के दूसरे दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर, और छात्र शामिल हुए। कांफ्रेंस के सह-अध्यक्ष सह फाइनेंशियल मैनेजमेंट के कार्यक्रम प्रमुख, डॉ भास्कर भोवानी ने सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत प्रथम दिन के संक्षिप्त रिपोर्ट को निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स, डॉ अमर ई तिग्गा और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख, डॉ भबानी महापात्रा की उपस्थिति में प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर, श्री शिवेश सिन्हा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने स्टूडेंट्स को सांख्यिकी, व्यावसायिक नींव और परिणामों की व्याख्या करने जैसे कौशलों पर ध्यान देने के लिए सलाह दी, क्योंकि ये विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नींव बनाते हैं।

टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय परिवर्तन और डिजिटल समाधान अधिकारी, श्री सरजीत झा ने अपने संबोधन में तेजी से तकनीकी परिवर्तन के वर्तमान युग में करियर के लिए मानसिक मॉडल पर दर्शकों को संबोधित किया। उन्होंने जिज्ञासा, डेटा का गठबंधन, क्यूरेटिंग (डेटा की सफाई और डुप्लिकेशन), क्रंचिंग डेटा और दृश्य विशेषता पर विस्तार से चर्चा किया।
कार्यक्रम में आगे पब्लिक डेटा एनालिटिक्स पर पेपर प्रस्तुति सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र के तकनीकी विशेषज्ञ यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी रहे। सत्र की अध्यक्षता झारखंड सरकार के राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ हरिश्वर दयाल ने किया। वहीं सत्र का संचालन एक्सआईएसएस से डॉ अमित गिरी ने किया। सत्र में विभिन्न प्रस्तुतिकर्चाओं ने कुल छह पेपर प्रस्तुत क़िए।
6 पेपरों को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया –
दो दिवसीय कांफ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जहां विभिन्न ट्रैक के पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया।

– पहला ट्रैक – मार्केटिंग और फाइनेंस एनालिटिक्स पर आधारित था – जिसमें सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार का प्रमाण-पत्र, डॉ अराना कौसर और डॉ पूजा को 'जेन जी के बीच वित्तीय साक्षरता पर भावनात्मक बुद्धिमत्ता के प्रभाव की खोज' को मिला। मार्केटिंग में ऑनलाइन पेपर प्रस्तुति करने वाली सतद्रुति चक्रवर्ती और दीपा मित्रा को 'भारत में ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों की प्रतिस्पर्धात्मकता और स्थिरता: पांच प्रमुख भारतीय ऑनलाइन ट्रैवल फर्मों पर एक केस अध्ययन' को मिला।

– दूसरा ट्रैक – एचआर और ओबी एनालिटिक्स – अशेष मिंज विजेता बने जिन्होंने 'कर्मचारी अनुभव में डेटा एनालिटिक्स की भूमिका' पर पेपर प्रस्तुति किया।

– तीसरा ट्रैक – ऑपरेशंस रिसर्च और आईटी एनालिटिक्स – आईटी एनालिटिक्स में मिलन साई, ऋषि द्विवेदी और भास्कर भवानी को 'आईओटी और एआई के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन: स्मार्ट डस्टबिन सिस्टम पेपर' के लिए दिया गया। वहीं ओआर के लिए सोमरूप नागा और पवन कुमार तिवारी को 'मशीन लर्निंग तकनीकों की मध्यस्थता में प्लाज्मा प्रौद्योगिकी और विद्युत क्षेत्र में जल अलवणीकरण और शुद्धिकरण' पर पेपर प्रस्तुत करने के लिए दिया गया।

– आखिरी ट्रैक – पब्लिक डेटा एनालिटिक्स – इसमें असमा आसिफ सैय्यद और सृजन घोष विजेता बने जिन्होंने 'बिहार में महिलाओं के बीच प्रजनन क्षमता, शिक्षा और धर्म के बीच त्रिपक्षीय संबंध' शीर्षक पर पेपर प्रस्तुत किया था।

एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा, एसजे, ने कांफ्रेंस के समापन के दौरान डेटा एनालिटिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद और बधाई दी। उन्होंने बताया की कैसे बेहतर और कुशल व्यवसाय के लिए डेटा एनालिटिक्स विषय आज के संदर्भ में महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है। साथ ही उन्होंने डेटा साइंस के महत्व, डेटा एनालिटिक्स को वैज्ञानिक कैसे देखते हैं और निकट भविष्य में बिजनेस का ट्रेंड और पैटर्न क्या होगा, इस पर भी प्रकाश डाला। कांफ्रेंस में धन्यवाद् ज्ञापन, डॉ पिनाकी घोष ने दिया। इस कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, पेपर प्रस्तुतकर्ताओं, एक्सआईएसएस के संकाय के साथ-साथ विपणन प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन कार्यक्रमों के छात्रों ने भाग लिया।

**PRESS : LENS EYE NEWS PORTAL**

Lagatar शुभम संदेश

# एक्सआईएसएस में अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस : डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई की दी गई जानकारी

by **Lagatar News** — 16/03/2024



## एक्सआईएसएस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन

## विभिन्न ट्रैक में कुल 6 विजेताओं को मिला बेस्ट पेपर अवार्ड सर्टिफिकेट

**Ranchi :** जेवियर समाज सेवा संस्थान, एक्सआईएसएस रांची में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हो गया. कांफ्रेंस के दूसरे दिन कार्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स और प्रबंधन क्षेत्र से देश के विभिन्न सेक्टर से इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद, रिसर्चर और छात्र शामिल हुए. कांफ्रेंस के सह अध्यक्ष सह फाइनेंशियल मैनेजमेंट के कार्यक्रम प्रमुखए डॉ. भास्कर भोवानी ने सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत प्रथम दिन के संक्षिप्त रिपोर्ट को निदेशक डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजेए डीन एकेडमिक डॉ. अमर ई तिग्गा और मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुखए डॉ. भवानी महापात्रा की उपस्थिति में प्रस्तुत किया.

दूसरे दिन के पहले सत्र में माइक्रोसॉफ्ट के प्रिंसिपल डेटा साइंस मैनेजर शिवेश सिन्हा ने डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई और मशीन लर्निंग, एमएल पर  जानकारी साझा की. उन्होंने स्टूडेंट्स को सांख्यिकी, व्यवसायिक नींव और परिणामों की व्याख्या करने जैसे कौशलों पर ध्यान देने के लिए सलाह दी. क्योंकि ये विभिन्न क्षेत्रों में विकास की नींव बनाते हैं.

टाटा स्टील लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय परिवर्तन और डिजिटल समाधान अधिकारी सरजीत झा ने अपने संबोधन में तेजी से तकनीकी परिवर्तन के वर्तमान युग में करियर के लिए मानसिक मॉडल पर दर्शकों को संबोधित किया. उन्होंने जिज्ञासा, डेटा का गठबंधन, क्यूरेटिंग, डेटा की सफाई और डुप्लिकेशन, क्रंचिंग डेटा और दृश्य विशेषता पर विस्तार से चर्चा की.

कार्यक्रम में आगे पब्लिक डेटा एनालिटिक्स पर पेपर प्रस्तुति सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र के तकनीकी विशेषज्ञ यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी रहे. सत्र की अध्यक्षता झारखंड सरकार के राज्य वित्त आयोग के सदस्य डॉ. हरिश्वर दयाल ने किया. वहीं सत्र का संचालन एक्सआईएसएस से डॉ. अमित गिरी ने किया. सत्र में विभिन्न प्रस्तुतिकर्ताओं ने कुल छह पेपर प्रस्तुत क़िए.

# 6 पेपरों को सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन से सम्मानित किया गया

दो दिवसीय कांफ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ पेपर प्रेजेंटेशन पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न ट्रैक के पेपर प्रस्तुतकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया.

एक्सआईएसएस के सहायक निदेशक डॉ. प्रदीप केरकेट्टाए एसजे ने कांफ्रेंस के समापन के दौरान डेटा एनालिटिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद और बधाई दी. उन्होंने बताया कि कैसे बेहतर और कुशल व्यवसाय के लिए डेटा एनालिटिक्स विषय आज के संदर्भ में महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है. साथ ही उन्होंने डेटा साइंस के महत्व, डेटा एनालिटिक्स को वैज्ञानिक कैसे देखते हैं और निकट भविष्य में बिजनेस का ट्रेंड और पैटर्न क्या होगा, इस पर भी प्रकाश डाला.

**PRESS : LAGATAR (SHUB SANDESH)**